तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

10 बीएसपी के हजारों ठेका मजदूर न्यूनतम वेतन के लिए ...



12 लेंजवारा के ग्रामीणों को मिली लाखों ...





## खबर संक्षेप

### आज जेवरा सहित कई स्थानों पर लगाए जाएंगे राजस्व शिविर

**बेमेतरा।** राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 9 अप्रैल को राजस्व पखवाड़ा शिविर तहसील बेमेतरा अंतर्गत ग्राम जेवरा में लगाया जाएगा। इसमें पटवारी हल्का पथर्रा, ताला, जेवरा के ग्रामीण अपनी राजस्व संबंधी समस्या का समाधान करा सकते हैं। तहसील बेरला पटवारी हल्का सिवार, पतोरा, व बेरला के लिए शिविर स्थल बेरला रहेगा। वहीं तहसील भिम्भोरी में पटवारी हल्का बांसा, सुरहोली के लिए शिविर बांसा में आयोजित होगा। इसी प्रकार 9 अप्रैल को ही राजस्व पखवाड़ा तहसील थानखम्हरिया में पटवारी हल्का हाड़ाहुली, दर्री के लिए शिविर हाड़ाहुली में होगा। वहीं तहसील साजा के लिए पटवारी हल्का मोहतरा, मौहाभाठा के लिए शिविर मौहाभाठा में होगा। इधर तहसील दाढ़ी में पटवारी हल्का पचभैया, बैहरसरी के लिए शिविर बैहरसरी में होगा। तहसील देवकर में पटवारी हल्का परपोडी, चेचानमेटा, कुरलू के लिए शिविर परपोडी में आयोजित होगा। इसी तरह राजस्व पखवाड़ा शिविर 9 अप्रैल को तहसील नवागढ़ में पटवारी हल्का हरदी रनबोड, घोठा, घोघरा के लिए शिविर हरदी में और तहसील नांदघाट (मारो क्षेत्र) के लिए पटवारी हल्का संबंलपुर, बेवरा, खेड़ा, तेंदूआ के लिए शिविर संबंलपुर में आयोजित होगा।

### ठेकेदार और मकान मालिक पर जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मकान में काम कर रहे मिस्त्री की ठेकेदार की लापरवाही के कारण करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जांच के बाद मकान मालिक व ठेकादर के खिलाफ धार 304 ए, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी मृतक होमन दास 42 वर्ष मिस्त्री का काम करता था। 20 अप्रैल 2024 की शाम विजय पाल के घर बालाजी नगर खुर्सीपार के मकान में होमन दास दुसरी मंजील में राड को बीम में लगाने के लिए नाप रहा था। मकान से बिजली हाई टेंशन तार गुजरा था। काम करने के दौरान होमन बिजली हाई टेंशन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना में होमन के दोनो हाथ , पीठ, कपडा जल गया था। उपचार के लिए उसे शासकीय अस्पताल दुर्ग ले जाया गया। जहां से रेफर कर रायपुर भेजा गया,जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस जांच में पचा चला कि ठेकेदार रोशन लाल साहू और मकान मालिक विजय पाल सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराया था। सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही करने से होमन करंट के चपेट में आया था।

# सुशासन तिहार 2025 शुरू, पहले चरण में समस्या, मांग व शिकायतों के लिए जा रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत "आवेदन संग्रहण" मंगलवार से शुरू हो गया है। यह अभियान 11 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं, माँगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन एकत्र किए जा रहे हैं।

जिला प्रशासन द्वारा यह प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के ग्राम पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकाय कार्यालयों, हाट-बाजारों एवं कॉमन सर्विस सेंटरों में संचालित की जा रही है। प्रत्येक स्थल पर समाधान पेटियाँ लगाई गई हैं, जिसमें हर वर्ग के महिला और पुरुष अपनी समस्याएं लिखकर बिना किसी झिझक के डाल रहे हैं। इस पहल के पीछे उद्देश्य यह है कि शासन और प्रशासन तक सीधे तौर पर जनता की आवाज पहुंचे और उन्हें त्वरित समाधान मिल सके।

जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जिला कार्यालय बेमेतरा में भी एक समाधान पेटी लगाई गई है, जिसमे लोगों ने अपने आवेदन डाले हैं। इसी प्रकार अन्य स्थानों पर लगायी गयी समाधान पेटी में आवेदन डाले गए हैं। जिला कार्यालय बेमेतरा में लगायी गई पेटी में विभिन्न समस्याओं, मांगों और शिकायत संबंधी 52 आवेदन प्राप्त हुए।

## 11 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच लिए जाएंगे आवेदन



### ऑनलाइन भी कर सकते हैं आवेदन

आवेदन ऑनलाइन प्राप्त करने की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक आवेदन को पोर्टल में पंजीकृत कर ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है । आवेदनकर्ता को भी पावती दी गई है । जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी तहसील कार्यालयों, पंचायत भवनों, हाट बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर समाधान पेटियाँ उपलब्ध रहें, ताकि नागरिक निर्भीक होकर अपनी बात रख सकें। यह पहल शासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करेगी और सुशासन की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगी। सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य राज्य सरकार जनता की भागीदारी से प्रशासन को अधिक जवाबदेह और संवेदनशील बनाना है।

**विरोध**

**कांग्रेस ने प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था का लगाया आरोप**

# बच्ची से दुष्कर्म व बर्बरता पर आक्रोश कांग्रेसियों ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हैवानियत व दुराचार कर हत्या की घटना पर जिले में आक्रोश का माहौल बना रहा। इस घटना से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लचर कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में मुख्यमंत्री साय का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा की अगुवाई में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शहर के सिग्नल चौक में प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की और प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका।

- सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी, गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ी हैं, पूरे प्रदेश में हत्या, बलात्कार, लूट जैसी घटनाएं हो रही हैं। दुर्ग में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। पीड़ित पक्ष के साथ जिस तरह से पुलिस ने बर्ताव किया है। वह पुलिस प्रशासन और प्रदेश की कानून व्यवस्था की विफलता को दिखाती है। कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अवनीश राघव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लोकेश वर्मा, शहर अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी ललित विश्वकर्मा महामंत्री, कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर साहू, जनपद पंचायत बेरला के अध्यक्ष रवि परगनिहा, जनपद पंचायत बेरला के उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, जनपद पंचायत बेमेतरा के उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### लगातार बढ़ रहा अपराध : छाबड़ा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष छाबड़ा ने प्रदेश की बिगड़ते कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार गांव-गांव में शराब परोसने में लगी हुई है और अपराध का स्तर लगातार बढ़ते जा रहा है। आज महिलाएं और बच्चों में भय का माहौल है। सरकार का कानून व्यवस्था पर नियंत्रण समाप्त हो चुका है, ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

## न्यायाधीश निधि शर्मा ने घायल महिला व उसकी बच्ची को पहुंचाया अस्पताल

**बेमेतरा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जिला जेल में विधिक जागरूक्ता शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया था।उक्त कार्यक्रम के समापन के बाद लौट रही व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव निधि शर्मा को नेशनल हाईवे स्थित पीजी कॉलेज के पास सड़क पर एक महिला और उसकी बच्ची तथा एक अन्य व्यक्ति घायल अवस्था में दिखाई दिए। उसी समय न्यायाधीश ने रूककर उस महिला एवं उसकी छोटी बच्ची को अपने निजी वाहन में बैठाकर तत्काल जिला अस्पताल बेमेतरा में ईलाज के लिए पहुंचाने में उनकी मदद की। जहाँ अस्पताल में डॉक्टर द्वारा जांच करने पर उस महिला एवं बच्ची को गम्भीर चोट आना बताया गया। न्यायाधीश श्रीमती शर्मा ने कहा कि दुर्घटना के समय यदि कोई व्यक्ति घायल होता है, तो आम व्यक्तियों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल तक पहुंचाने में उनकी मदद करनी चाहिए, ताकि उस व्यक्ति का समय से इलाज प्रारंभ किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने उतावलेपन से व नशे की हालत में तथा बिना लाइसेंस, हेलमेट के वाहन नहीं चलाने की अपील की।

- लोगों से की अपील- घायल व्यक्तियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में करें मदद

**कहा- सोई हुई सरकार को जगाने का प्रयास**

# पंचायत सचिवों ने नगाड़ा बजाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़/बेमेतरा



छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेशभर के पंचायत सचिवों द्वारा जारी हड़ताल के क्रम में सोमवार को जनपद पंचायत नवागढ़ में सचिव संघ की ब्लॉक इकाई द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सचिवों ने पंडाल में नगाड़ा बजाकर शासन की वादा खिलाफी के खिलाफ नाराज़गी जताई और अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान संघ के पदाधिकारियों और सचिवों ने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनाव से पूर्व सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया था, लेकिन अब तक उस वादे को पूरा नहीं किया गया है। इसी उपेक्षा और लगातार अनदेखी से आक्रोशित होकर सचिवों ने अब आंदोलन की राह पकड़ ली है। ब्लॉक सचिव संघ के अध्यक्ष राजनारायण कुर्रे ने बताया कि नगाड़ा बजाने का उद्देश्य शासन की कुंभकर्णी नींद को तोड़ना है। उन्होंने कहा कि सचिवों की भूमिका ग्रामीण प्रशासन की रीढ़ के समान है, लेकिन इसके बावजूद हमें न तो स्थायी कर्मचारी का दर्जा दिया जा रहा है और न ही भविष्य की कोई सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि शासकीयकरण की मांग कोई नई नहीं है, यह वर्षों पुरानी मांग है, जिसे लेकर अब तक कई बार आंदोलन हो चुका है, ज्ञापन सौंपे गए हैं और चर्चा भी हुई है, लेकिन हर बार शासन ने सिर्फ आश्वासन देकर मामले को टाल दिया। लेकिन, अब सचिव संघ ने यह तय कर लिया है कि जब तक शासन हमारी मांगों को गंभीरता से लेकर ठोस निर्णय नहीं लेता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

### शासकीयकरण को लेकर लंबी लड़ाई के लिए तैयार

हड़ताल के चलते ग्राम पंचायतों का कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सचिव संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शासन ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो पंचायत स्तर के सभी कार्य ठप हो जाएंगे, जिससे ग्रामीण विकास योजनाओं और सार्वजनिक सेवाओं पर बड़ा असर पड़ेगा। इस बीच सचिव संघ का दावा है कि पूरे छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिव एकजुट हैं और शासकीयकरण की मांग को लेकर एक लंबी लड़ाई के लिए तैयार हैं।

**कक्षा 9वीं व 11वीं की चल रही परीक्षाओं का भी किया निरीक्षण**

# बेरला के मूल्यांकन केन्द्रों का डीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बेरला विकासखण्ड के विभिन्न मूल्यांकन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया इस दौरान एपीसी भूपेंद्र साहू साथ में मौजूद रहे। इन मूल्यांकन केन्द्रों में चल रहे केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवीं, कक्षा आठवीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन का कार्य चल रहा था। मूल्यांकन केन्द्रों की व्यवस्थाओं को भी देखा। साथ ही स्थानीय कक्षा नवमीं, कक्षा ग्यारहवीं की चल रही परीक्षाओं का भी निरीक्षण किया। इसी दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बेरला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मूल्यांकन के लिए बेरला विकासखंड में कक्षा पांचवीं के लिए 1647 तथा कक्षा आठवीं के लिए 4056 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई थी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोढ़ केंद्रीयकृत मूल्यांकन केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। सभी जगहों पर परीक्षाएं शांतिपर्वक तथा सुव्यवस्थित ढंग से संचालित पाया गया तथा मूल्यांकन केन्द्रों में भी मूल्यांकन का कार्य शांतिपूर्वक चल रहा था। किसी भी मूल्यांकन केन्द्रों में एवं परीक्षा केन्द्रों में गड़बड़ियां नहीं पाई गई। कहीं पर भी कोई नकल का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। वहीं जिन मूल्यांकन केन्द्रों में मूल्यांकन कार्य के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं की जिनकी ड्यूटी लगाई थी, उनमें से बहुत से शिक्षक शिक्षिकाएं आज मूल्यांकन कार्य में नहीं आये और अनुपस्थित रहे। ऐसे लापरवाह और मूल्यांकन कार्य में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

- मूल्यांकन कार्य में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को स्पष्टीकरण जारी कर मांगा जवाब



इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला करामाल, संकुल केन्द्र कन्या बेरला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस स्कूल में रसोइयां व बच्चों के अनुसार भोजन खिलाकर 10:30 बजे ही छुट्टी देकर ताला बंद कर दिया गया था। शासन के निर्देशानुसार शाला का समय प्रातः काल 7:00 से 11:00 तक रखा गया है। शासन के आदेशानुसार शाला समय का सबको विशेष ध्यान रखने व पालन करने की कड़ी हिदायत दी गई।



## खबर संक्षेप

### संयुक्त यूनियन बोरिया गेट पर करेगा नौ को प्रदर्शन

**भिलाई।** सेल कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर सहित वेज रिवीजन आदि लंबित मांगों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन 9 द्वारा 9 अप्रैल को बोरिया गेट पर सुबह 8 से 9 बजे तक प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त यूनियन के संयोजक वंश बहादुर ने बताया की सोमवार को हुई बैठक हुई बैठक में यूनियन नेताओं ने अभी तक वेज रिवीजन के लिए एनजेसीएस मीटिंग नहीं बुलाने पर नाराजगी व्यक्त की। यह निर्णय लिया कि 39 महीने के एरियर्स सहित वेज रिवीजन के अन्य मुद्दों एवं इंसेंटिव स्कीम का रिवीजन, फेस्टिवल एडवांस की राशि बढ़ाने ,650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर लाइसेंस पर देने व ठेका श्रमिकों का भी वेज रिवीजन करने करने की मांग को लेकर बोरिया गेट पर प्रदर्शन करेगा किया जाएगा। सेल चेयरमैन के नाम से ज्ञापन सौंपकर कर जल्द एनजेसीएस मीटिंग बुलाने की मांग करेगा ।


### एलडी स्लैग गाड़ियों को बीएसपी में 7 नं. गेट से जाने की मिली अनुमति

**भिलाई।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा उनकी मांग को स्वीकार कर लिया गया है। एसोसिएशन द्वारा एलडी स्लैग की गाड़ियों के ट्रैफिक की समस्या निदान का निर्णय लिया है। एलडी स्लैग ढोने वाली गाड़ियों को 7 नंबर गेट से प्रवेश देने की अनुमति दे दी है। इससे ट्रांसपोर्टरों को राहत मिलेगी। अब प्रतिदिन 70 गाड़ियों को एलडी स्लैग सामग्री के परिवहन के लिए 7 नंबर गेट से प्रवेश का परमिशन दिया गया है। पहले ट्रकों को अन्य गेट से होकर लंबा और जटिल मार्ग से जाने से समय अधिक लगता था और ईंधन की खपत और ट्रैफिक की समस्याएं भी बढ़ती थीं। 7 नंबर गेट से अनुमति मिलने के बाद अब गाड़ियों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुगम हो सकेगा।एसोसिएशन की ओर से यह मुद्दा कई बार बीएसपी मैनेजमेंट के समक्ष उठाया गया था। इंद्रजीत सिंह ने एसोसिएशन की ओर से बीएसपी प्रबंधन का आभार जताया है।

### कर्मचारियों ने की फॉगिंग शुरू करने की मांग

**भिलाई।** टाउनशिप के निवासी मच्छरों के आंतक से परेशान है। हालात यह है कि यहां के रहवासी मच्छरजनित बीमारियों से ग्रसित होने लगे हैं। वहीं दूसरी ओर टाउनशिप प्रबंधन ने यहां के निवासियों को मच्छरों से निजात दिलाने के लिए फॉगिंग नहीं कराई है। स्टील इंप्लाइज यूनियन ने बैठक के दौरान फॉगिंग शुरू कराने की मांग की है। गर्मी को देखते हुए टाउनशिप में दोनों टाइम पानी सप्लाई की सुविधा शुरू की जाए । महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि इन सभी मांगों पर विभाग प्रमुखों से चर्चा कर जल्द समाधान निकला जाएगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा सहित गिरिराज देशमुख, जजी आर सुमन सीपी वर्मा, किशोर प्रधान ताम्रध्वज सिन्हा, अजीत मोहन आदि उपस्थित थे। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने समस्याओं के निदान के लिए दबाव बनाना तेज कर दिया है। बीएसपी प्रबंधन से फेस्टिवल एडवांस 5 हजार से बढ़ाकर 50 हजार करने, हाउस बिल्डिंग एडवांस्ड, ऑटो एडवांस शुरू करने, मच्छर की समस्या को देखते हुए फॉगिंग करने की मांग की है ।

### सदर गौरव पथ मंडल में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**दुर्ग।** भाजपा के 45 वां स्थापना दिवस में जिला भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद मंडल में निवासरत पूर्व सांसद मोहन लाल जैन के निवास जाकर ध्वजारोहण किया। वरिष्ठ भाजपा नेता चैनसुख भट्टड़ एवं डॉ. शरद चन्द्र अग्रवाल के निवास जाकर ध्वजारोहण किया गया।शहर विधायक गजेन्द्र यादव के कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, निगम एमआईसी मेम्बर लीलाधर पाल, पार्षद राम चंद सेन, पार्षद सरिता चंद्राकर, छाया पार्षद पूनम यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# जेएलएन अस्पताल सेक्टर-9 ने अंकिता को दिया नया जीवन

## डॉक्टरों ने अस्सी प्रतिशत अग्निदग्धा का किया सफल आपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के बर्न विभाग ने एक बार फिर गंभीर रुप से बीमार एक मरीज को नया जीवन दिया है। डाक्टरों के सतत उपचार से 80 प्रतिशत जल चुकीं अंकिता कुमारी को स्वस्थ किया गया।

मरीज को 19 फरवरी 2025 को ऑक्सीजन एंबुलेंस द्वारा गंभीर स्थिति में सेक्टर-9 अस्पताल स्थित बर्न विभाग में भर्ती कराया गया था। उस समय वे सेप्टिक शॉक में थीं, उनका रक्तचाप और ऑक्सीजन सैचुरेशन अत्यंत निम्न स्तर पर था।



### सेंडविच तकनीक से हुआ उपचार

अंकिता के तीन आपरेशन कर दाहिने हाथ, छाती और गर्दन पर स्किन ग्राफ्टिंग की गई। इस प्रक्रिया में स्किन बैंक की त्वचा का उपयोग करते हुए 'सैंडविच तकनीक' अपनाई गई, जिसके तहत मरीज की त्वचा और स्किन बैंक की त्वचा को बारी-बारी से लगाया गया। 15 दिनों के भीतर जहाँ ग्राफ्टिंग की गई थी और जहाँ से त्वचा निकाली गई थी, दोनों स्थानों पर घाव भरने लगे। हुआ। आपरेशन बाद अंकिता अब न केवल अच्छी तरह खान-पान करने लगीं, बल्कि नियमित फिजियोथेरेपी से उनका शरीर भी सक्रिय हो गया। अंकिता डाक्टरों को बताया कि जब बड़े शहरों के अस्पतालों में उन्हें 75 प्रतिशत जलने की स्थिति में "अब आप नहीं बच पाएँगी" कहा गया, तब सेक्टर-9 अस्पताल ने उन्हें बचाने का पूरा विश्वास दिलाया। की विभाग-प्रमुख व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, सीएमओ डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर और डॉ .उदय कुमार, डां. अनिरुद्ध मेने, डॉ. सौरभ मुखर्जी की टीम ने मरीज को नया जीवन दिया। नव जीवन पाने वाली अंकिता से मिलकर कार्यपालक निदेशक व विभाग प्रमुख डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने उनका हौसला बढ़ाया।

चिकित्सालय पहुंचते ही चिकित्सकों की टीम ने तत्परता से उनका उपचार प्रारंभ किया। कुछ ही दिनों में उनका उनका ब्लड प्रेशर एवं ऑक्सीजन सैचुरेशन सामान्य स्तर पर आ गया। अंकिता का 80 प्रतिशत शरीर जला हुआ था और स्किन ग्राफ्टिंग के लिए शरीर के 10 प्रतिशत हिस्से से त्वचा निकाली गई थी। प्रारंभिक उपचार के बाद हाई-रिस्क कंसेंट लेकर पहला ऑपरेशन किया गया, जिसमें उनके बाएँ हाथ से सड़ी हुई त्वचा निकाल कर स्किन ग्राफ्टिंग की गई। पाँच दिनों तक विशेषज्ञ टीम ने प्रोटीन-युक्त पोषण, संक्रमण नियंत्रण, तथा मनोबल बनाए रखने में मदद की।

## पांच साल बाद भी नहीं हुआ वेतन समझौता

# बीएसपी के हजारों ठेका मजदूर न्यूनतम वेतन के लिए तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

### चार साल पूर्व एनजेसीएस की बैठक में मिला था पे रिवीजन का आश्वासन



भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों ठेका मजदूरों की पचास साल बाद भी तकदीर नहीं बदली है। नियिमित कर्मचारियों के साथ कीर्तमानी उत्पादन में योगदान देने बाद भी वे बदहाली का जीवन बिता रहे हैं। इस मामले में ठेकेदार, प्रबंधन और श्रम विभाग उदासीन बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र में पूरे सेल में सबसे अधिक श्रमिक काम कर रहे हैं। बीस हजार से अधिक श्रमिक यहां काम करते हैं। उत्पादन से लेकर मेंटेनेंस और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के काम में इनका योगदान रेगुलर कर्मचारियों से कम नहीं है। लेकिन दोनों के वेतन और सुविधाओं में जमीन आसमान का अंतर है।

ठेका मजदूर यूनियनों के मुताबिक यह फर्क इसलिए है कि मजदूरों को शोषण कम करने जिम्मेदार एजेंसियां और सरकार गंभीर नहीं है। ठेका मजदूर पचासों निजी कंपनियों और ठेकेदारों के अधीन काम करने के कारण वेतन और सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी कंपनियों की ही है। लेकिन निजी कंपनियां अधिकतर मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित वेतन भी नही दे रही हैं। उन्हें मात्र पांच से सात हजार वेतन पर काम करने मजबूर होना पड़ रहा है। बतौर प्रथम नियोक्ता बीएसपी प्रबंधन भी ठेकेदारों पर जमीनी दबाव नहीं बना पा रहा है। भत्ते और सामाजिक सुरक्षा आदि सुविधाएं भी नहीं हैं। मजदूरों के पूरा वेतन मांगने पर कंपनियां गेट पास छीनने व काम से निकालने की धमकी देती हैं। पिछले पांच साल से मजदूरों के लिए वेतन समझौता किए जाने की मांग को भी सेल प्रबंधन नजरंदाज कर रहा है।

### श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की जरुरत

गौरतलब हो कि वर्ष 2023 को दिल्ली में हुई एनजेसीएस की बैठक में यूनियनों ने सेल के ठेका मजदूरों को एस -11 नियमित कर्मचारी के बराबर वेतन दिए जाने और बोनस तथा सामाजिक सुरक्षा की मांग की थी। प्रबंधन ने आश्वस्त भी किया था। लेकिन अब तक परिणाम शून्य है। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताता हैं कि सेल प्रबंधन को मजदूरों का वेतन समझौता लागू किए जाने से ही उनका शोषण खत्म होगा। बोनस और समाजिक सुरक्षा मिलना जरुरी है। बीएसपी में दस लाख दुर्घटना बीमा की मांग की जा रही है।

### दुर्घटनाओं का भी खतरा

बीएसपी सहित पूरे सेल में एक लाख ठेका मजदूर काम करते हैं। लेकिन निजी कंपनियों द्वारा अपने अधीन मजदूरों को सेफ्टी किट उपलब्ध कराने में कोताही बरती जा रही है। इस कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में हताहत मरने वाले सर्वाधिक ठेका मजदूर ही होते हैं। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी बताते हैं कि सेल को सुरक्षा किट की राशि से मजदूरों को को सीधे सुरक्षा उपकरण कराने की मांग कर रहे हैं। इससे ठेकेदारों पर इसके लिए निर्भरता खत्म हो जाएगी। लेकिन सेल व बीएसपी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं।

# धमकी से परेशान दामाद ने ससुर की हत्या कर शव को जलाया, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- मृतक की पत्नी-बेटी भी पकड़ में
- पुरानी भिलाई की कार्रवाई

पुराने केस के मामले में समझौता करने के लिए मृतक दमाद और उसकी पत्नी को लगातार नशे की हालत में धमकाया करता था। इससे परेशान होकर प्लान तैयार कर तीनों में हत्या कर शव को ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने दमाद, सास और पत्नी को गिरफ्तार किया है। ग्राम दादर पथर्रा में मिले अधजली लाश मामले में पुलिस ने आरोपियों को ट्रेस कर शव का शिनाख्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और डीएसपी हेम प्रकाश नायक ने बताया कि आरोपी और शव का शिनाख्त करने के लिए थाना प्रभारी पुरानी भिलाई महेश ध्रुव और एसीसीयु सउनि गुप्तेश्वर यादव के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जांच में पता चला मृतक के हाथ में टैटू बना हुआ था। पुलिस की जांच में पता चला कि प्रोजेक्ट आटोमोबाईल के पास पावर हाउस निवासी रॉकी लांजेवार के रुप में शिनाख्त हुआ है। शव के कुछ दुरी पर बडे वाहन के पहिए के निशान पाए गए। संदेही वाहन की पतासाजी के लिए त्रिनयन एप्प की मदद ली गई। आने-जाने वाले रास्तों के सभी सीसीटीवी फूटेज को चेक किया गया। फूटेज में वाहन आयशर एमएच 40 बीएल 9629 को चिन्हित कर पता किया जा रहा था। मुखबिर ने सूचना दिया कि मृतक रॉकी लांजेवार के दामाद दुल्यांश गजभिये को घटना की रात में उक्त संदेही वाहन को चलाते देखा गया था।

### इसलिए की हत्या

संदेह के रुप में दुल्यांश गजभिये को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि ससुर रॉकी लांजेवार नशे में अक्सर उसे और उसकी पत्नि सृष्टि गजभिये को पुराने केश में समझौता करने धमकी दिया करता था। घटना के दिन भी रॉकी लांजेवार नशे की हालत में पहुंचा और आरोपी दुल्यांश गजभिये, पत्नि सृष्टि गजभिये को गाली गौलज कर धमकी दे रहा था। इससे आक्रोश में आकर दमाद दुल्यांश ने लोहे के रॉड से रॉकी के सिर में 3-4 वार किया। जब मौत हो गई तो दुल्यांश ने वाहन से केम्प 1 जलेबी चौक जाकर अपनी सास मोहनी लांजेवार को लेकर आया। मृतक के शव को कपड़े, साड़ी, चटाई लपेट कर घर से मिट्टी तेल लेकर अपनी सास मोहनी लांजेवार, पत्नि सृष्टी गजभिये के सहयोग से वाहन में शव को भरकर ग्राम पथर्रा खेत में पहुंचे। आरोपी ने साक्ष्य मिटाने की नियत से शव को आग लगा दी।

## ऑडिट नहीं करा रहा भिलाई निगम विधानसभा अध्यक्ष से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर निगम भिलाई में अफसरों की कार्यप्रणाली की शिकायत को लेकर उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मिले। रायपुर स्थित विधानसभा अध्यक्ष निवास में



पहुंच कर नगर निगम भिलाई के विभिन्न विषयों में चर्चा की। इस दौरान दया सिंह ने बताया कि नगर निगम भिलाई अफसर भारी लापरवाही और मनमानी कर रहे हैं। खुले आम गड़बड़ी की जा रही है। बाबू, कम्प्यूटर ऑपरेट को बड़े-बड़े पद बिठा दिया गया है। अजय शुक्ला जिसका मूल पद बाबू का है, लेकिन जनसंपर्क अधिकारी बन कर सरकारी वाहन का उपयोग कर रहा है। इसी प्रकार डाटा एंट्री आपरेट शरद दुबे को सहायक राजस्व अधिकारी बना दिया गया है। जो निगम के आयुक्त के लिए अवैध वसूली का काम कर रहा है। स्टेनो संजय शर्मा जो कि निगम में सिर्फ हाजरी लगाने के लिए निगम आता है। संगठन के नाम पर नेतागिरी कर रहा है। उसके बाद सेक्टर 6 के पास अपने ड्राइविंग लायसेंस और पासपोर्ट बनाने दुकान चला रहे हैं। निगम के साल भर के आय-व्यय का ऑडिट जो हर साल किया जाना चाहिए। लेकिन बीते कुछ सालों से ऑडिट नहीं किया जा रहा है। इस लिए अध्यक्ष से प्रार्थना है कि निगम का ऑडिट कराया जाए।

# कवियों ने दिया भाषायी एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- मैत्री विद्या निकेतन में प्रलेसं का बहुभाषीय काव्य पाठ

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के 90 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बहुभाषीय काव्य पाठ का आयोजन मैत्री विद्या निकेतन विद्यालय के सभागार में किया गया । लघुभारत के 14 भाषाओं के कवियों ने संदेशपरक कविताओं का पाठ किया । कार्यक्रम के अध्यक्ष कथाकार लोकबाबू ने कहा हमारा देश संस्कृतियों का समुद्र है ,यहां नाना प्रकार की विविधताओं के बीच एकता का सूत्र इसे सदियों से बांधे रखा है। प्रगतिशील लेखक संघ सभी भाषाओं और लेखन से जुड़ा मुख्य अतिथि जन कवि डॉ. जीवन यदु ने कहा कि आयोजन उद्देश्यपरक होने के साथ रचनात्मकता और भाषायी एकता स्थापित करने में प्रगतिशील संगठन सदैव अग्रणी रहा है । विशिष्ठ अतिथि सहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय प्रलेसं के 90 वर्ष होने के उपलक्ष्य में मना रहे हैं हम स्थापना के आगामी शताब्दी वर्ष भी मनाएंगे । विशिष्ठ अतिथि राजम सुधाकरन ने कहा सभी भाषाओं के साहित्यकारों को जोड़ने बहुभाषीय काव्य पाठ का यह आयोजन हमारे मैत्री विद्या निकेतन में सम्पन्न हुआ हमारे लिए यह गर्व की बात है। मैत्री विद्या निकेतन प्रमुख साजन सुधाकरन ने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन होते रहना चाहिए राष्ट्रीय एकता के लिए हम सबका जुड़ाव जरूरी है। छग प्रलेसं अध्यक्ष के महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने कहा कि हमारा प्रगतिशील लेखक संघ सभी भाषाएं उत्तर से दक्षिण पूरब से पश्चिम देश को जोड़ती हैं। सृजन मूल्यों के परिमार्जन लिए बहुभाषीय काव्य पाठ का यह आयोजन महती आयोजन है। कार्यक्रम का संचालन प्रलेसं के प्रांतीय अध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव ने किया।




### इन कवियों ने किया काव्यपाठ

कार्यक्रम में हिंदी भाषा से रवि श्रीवास्तव,संकल्प यदु,मलयालम से के .ए. नारायणन,के.सुधाकरन,तेलुगु से रुद्रमूर्ति, व्ही. अप्पा राव,तमिल से वेंकट सुब्रमण्यम,मराठी से शरद कोकास,पंजाबी से गुलवीर सिंह भाटिया,सन्तोष झांझी,उड़िया से स्नेहलता पाणिग्रही, सुजाता पटनायक,गुजराती सेनपल्लवी त्रिवेदी,सिंधी से रवि आनन्दानी,बंगाली से समरेंद्र विश्वास ,वाणी चक्रवर्ती,उर्दू से मुमताज, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी सब्र, अब्दुल सलाम कौसर, छत्तीसगढ़ी से डॉ. जीवन यदु ,बलराम चंद्राकर, भोजपुरी से शमशीर शिवानी ने अपनी मूल कविता का पाठ किया । अनुवाद का पाठ राजमा सुधाकरण, साजन सुधाकरण,परमेश्वर वैष्णव,मणिमय मुखर्जी, राजेश श्रीवास्तव, विजय वर्तमान,विनोद सोनी,प्रकाश मंडल,आश्वला यदु ने किया ।

## एलएंडडी में स्वच्छता पखवाड़ा, किया जागरुक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन किया गया। इस अवसर पर लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग द्वारा स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक श्रृंखला की पहल का आयोजन मानव संसाधन विकास केंद्र में किया गया। पखवाड़ा में कार्यक्रम में सीजीएम निशा सोनी,उप महाप्रबंधक वाई एस जौहरी और सौमेंद्र साहा सहित विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों तथा ट्रेड अप्रेंटिस (टीए) प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

## विधायक ने क्षेत्र के समस्याओं को लेकर की चर्चा

**भिलाई।** विधायक ललित चंद्राकर ने जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। ने जिला कलेक्टर को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं जिनमें सड़क, पानी, पर्यावरण, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याएं शामिल हैं। इंसान के साथ जीवजंतु, पशु-पक्षी सभी को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## कर्मियों की समस्याओं के निदान के लिए जल्द हो प्रक्रिया

# श्रमिक संगठनों को मान्यता यूनियन के चुनाव का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मियों की यूनियनों को मान्यता यूनियन चुनाव का इंतजार है। पिछली मान्यता यूनियन का कार्यकाल को समाप्त हुए 6 महीने बीतने के बाद भी अब तक चुनाव की घोषणा नहीं होने का खामियाजा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। निर्धारित समय पर यूनियन मान्यता चुनाव नहीं होने से कर्मियों की कई समस्याएं लंबित हैं।

बीएसपी में मान्यता यूनियन के लिए चुनाव हर दो साल में कराए जाने का नियम है। पिछले चुनाव में सर्वाधिक वोट हासिल कर मान्यता हासिल करने वाले श्रमिक संगठन बीएमएस ( भिलाई इस्पात मजदूर संघ) का कार्यकाल 23 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। लेकिन 6 माह बीतने के बाद भी अब तक उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) और बीएसपी प्रबंधन द्वारा अब तक चुनाव की घोषणा नहीं की गई है। इसके चलते प्रतिभागी यूनियनों में बेचैनी है। यूनियनों के मुताबिक मान्यता यूनियन के नहीं होने से प्रबंधन से कर्मचारियों के मुद्दों के निदान के लिए चर्चा और इसके निदान के लिए दबाव नहीं बन पा रहा है। नियमानुसार चुनाव के लिए सभी प्रतिभागी यूनियनों को उप मुख्य श्रमायुक्त से अपना डिटेल प्रस्तुत कर मांग करना है। सीटू, लोईमू व लोइमू सहित 3 यूनियनें प्रबंधन और उप मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय से मांग भी कर चुकी हैं। वहीं सीटू ने महीनेभर पूर्व महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध विभा) जे एन ठाकुर से मिलकर चुनाव के संदर्भ में चर्चा की। चर्चा के दौरान प्रबंधन ने चुनाव को लेकर प्रबंधन द्वारा उठाए जा रहे कामों को साझा करते हुए कहा कि प्रबंधन चुनाव के संदर्भ में उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) से चुनाव के संदर्भ में से चर्चा किए हैं, जिसके तहत उप मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय बीएसपी प्रबंधन एवं भिलाई की यूनियनों के बीच त्रिपक्षीय बैठक में विस्तार से चर्चा होगी। लेकिन अब तक बैठक और प्रक्रिया धीमी होने से चुनाव की घोषणा नहीं हुई है। विदित हो कि इस बार चुनाव में दस पुरानी यूनियनों सहित 11 श्रमिक संगठन भाग लेंगे।

### जल्द कराएं गुप्त मतदान से चुनाव

"मान्यता समाप्त हो जाने के बाद निर्मित होने वाले शून्य काल की स्थिति हमेशा कर्मियों के लिए घातक होती है 23 सितंबर 2024 को पिछली मान्यता प्राप्त यूनियन का कार्यकाल का अंतिम दिन था सीटू ने 24 सितंबर 2024 को गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता की जांच कर नई मान्यता यूनियन चुनने की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु प्रबंधन को पत्र दिया था तब से लेकर अब तक शून्य काल की स्थिति बनी हुई है । गुप्त मतदान से चुनाव करवाना जरुरी है।

जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी, महासचिव सीटू

# पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से महत्वपूर्ण कामकाज हुए ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

- मोदी की गारंटी अमल में लाने कलेक्टर को सौंपा

विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रदेश के पंचायत सचिवों से मोदी की गारंटी के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने जो वादा किया था उसे अमल में लाने की मांग प्रदेशभर के पंचायत सचिव कर रहे हैं। विभिन्न मांगों को लेकर 17 मार्च से आंदोलनरत है। हड़ताल का आज 22वां दिन था। 22वें दिन पंचायत सचिवों ने जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन कर रैली लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट में पंचायत सचिवों ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरी करने मोदी के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी अध्यक्ष व दुर्ग इकाई के जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने ग्राम पंचायत के सचिवों से लुभावने वादे किए थे वादों को मोदी गारंटी का नाम दिया गया था, लेकिन राज्य में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद मोदी गारंटी पर काम नहीं किया गया। ग्राम पंचायत से सचिव आज भी अपनी समस्याओं से जूझ रहे हैं। विभिन्न मांगों को लेकर 17 मार्च से अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार को धरनास्थल में जिलेभर के पंचायत सचिव एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और एकजुट होकर कलेक्टोरेट तक रैली निकाली। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरी करने की मांग को लेकर नारेबाजी की गई। प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया।

### 29 विभाग के 200 कार्य है प्रभावित

प्रांतीय महामंत्री यशवंत आडिल, जिला सचिव शेष नारायण चंद्रवंशी, दुर्ग ब्लाक अध्यक्ष निमेश भोयर, पाटन प्रदीप चंद्राकर और धमधा के नरेश साहू का कहना है कि ग्राम पंचायत के सचिवों के आंदोलन के कारण नवनिर्वाचित सरपंचों का कई स्थानों पर प्रभार भी नहीं हो पाया है। जहां प्रभार हुआ है वहां बैंक खाते का संचालन रुका हुआ है।

## खबर संक्षेप

### गैस के दाम बढ़ाना लोकहित में नहीं: वर्मा

**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने रसोई गैस, पेट्रोल एवं डीजल की कीमत में वृद्धि का विरोध करते हुए कहा कि सरकार आम लोगों का जेब ढीला कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य मे एक तरफ सुशासन तिहार मनाते हुए समस्या हल करने की बात कह रही है दूसरी ओर दैनिक उपयोग की वस्तु के दाम बढ़ा कर समस्या खड़ी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के दाम पहले एक हजार तक पहुंच गया है। मंहगाई इन दिनों चरम पर है ऐसे समय पर गैस के दाम में 50 रूपए की वृद्धि ने लोगों का आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है। सरकार का यह फैसला जनहित में नहीं है।

### महाविद्यालय में पाई दिवस का आयोजन




**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और संजय देवांगन की निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय पाई दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने कहा कि गणितीय स्थिरांक को पहचानने के लिए हर साल दुनिया में 14 मार्च को पाई डे मनाया जाता है। पाई दिवस 14 मार्च को इसके अनुमानित मान - 3.14 के आधार पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर पाई नहीं होती तो वृत्त, गोले और त्रिज्या से संबंधित गणनाएं असंभव हो जाती। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक मोनिका सिन्हा ने किया। इस दौरान डॉ. नवीनसिंह राजपूत, डॉ कमलेश चेलक, महेश साहू, रविप्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, पूजा देवांगन, मासूम वर्मा, नेमू साहू, हिरेन्द्र साहू आदि मौजूद थे।

### उल्लास से मनाया स्थापना दिवस



**साल्हेवारा।** बस स्टैंड में भाजपा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। भाजपा नेता निजाम सिंह मंडावी, शत्रुहन साहू, ललित सोनी, संतोष ठाकुर, महेंद्र यादव, प्रमोद श्रीवास्तव, विक्की खान, प्रहलाद मरकाम, मुजन यादव, मन्नू मरकाम, दशरथ पटेल, तुलसी यादव, मुकेश साहू, ओमलाल साहू, कमल पटेल की उपस्थिति में पार्टी संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के उमेश मरकाम, गगन अग्रवाल, सतीश वर्मा, खेम साहू, चमन वर्मा, पवार मेरावी और करन पटेल की भागीदारी रही।

### एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 से

**डोंगरगांव।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। प्रवेश के लिए सेजस पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगा। प्राचार्य भरतलाल देवांगन ने बताया कि प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 से 5 मई तक किया जा सकता है। रिक्त सीटों से अधिक आवेदन आने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से चयन आगामी 8 मई को किया जाएगा। आगामी 11 से 15 मई तक प्रवेश की अन्य कार्यवाही की जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन किया जा सकता है। एक विद्यार्थी एक विद्यालय के लिए ही आवेदन कर सकता है। महतारी दुलार योजना अंतर्गत बच्चों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। रिक्त सीटों में 50 प्रतिशत छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालको के बच्चों को रिक्त सीट के 25 फीसदी सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जाएगा। शेष 25 प्रतिशत सीट ओपन होगी। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की आयु 31 मई की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए। प्रवेश की विस्तृत जानकारी सेजस पोर्टल से लिया जा सकता है।

### ज्योति कलश विसर्जित



**डोंगरगढ़।** ज्योति विसर्जन के दौरान विधायक हर्षिता स्वामी एवं कांग्रेस नेत्री संध्या देशपांडे ने शोभायात्रा में शामिल होकर मनोकामना ज्योति कलश उठाया।

## तीन चरणों में पूरा होगा राज्य सरकार का अभियान

# सुशासन तिहार 11 तक, होगा जन समस्याओं का निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राज्य सरकार के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र में सुशासन तिहार की आज शुरूवात हुई। यह आयोजन आगामी 11 अप्रैल तक चलेगा। इस अवधि में नगर के 24 वार्ड के लिए शिविर लगेगा। आयोजन को लेकर सोमवार को पालिका सभागार में पार्षदों, कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, भाजपा शहर अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना ने सुशासन तिहार की जानकारी दी। श्री भारती ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### एक माह चलेगा अभियान

सुशासन तिहार के तहत शिविर लगाकर लोगों से मांग व शिकायतों को फार्मेट में लिया जाएगा। आवेदन लेने की प्रक्रिया 11 अप्रैल तक चलेगी। इसके बाद दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। वहीं तीसरा चरण 5 से 31 मई तक चलेगा। इस दौरान वार्डवार समाधान शिविर आयोजित होंगे। सभी पार्षदों से आयोजन की जानकारी वार्ड के अंतिम व्यक्ति को देने का आव्हान पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने किया। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित व्यक्ति शिविर में आवेदन दे सकता है।

### गांव और वार्डों में लगेंगे शिविर



### इन स्थानों पर लगेंगे शिविर

आगामी 11 अप्रैल तक सभी वार्ड में शिविर लगाएं जाएंगे। वार्ड नंबर 1 एवं 24 का शिविर निषाद धर्मशाला में लगेगा। वार्ड दो व तीन का लोधी धर्मशाला, वार्ड 4, 5, 6 का आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन, वार्ड 7, 8, 9 का प्राथमिक शाला बधियाटोला, वार्ड 10 का शाला नंबर तीन, वार्ड 11, 12 का नगर पालिका कार्यालय, वार्ड 13, 14, 15 का बुधवारी पारा, वार्ड 16 का साहू धर्मशाला, वार्ड 17, 18, 19 का बाल मंदिर तथा वार्ड 20, 21, 22 व 23 का कृषि उपज मंडी परिसर में शिविर लगेगा।

### ग्रामीणों से लिया जा रहा आवेदन



**सड़क अतरिया।** राज्य सरकार विकास की गति को तेज करने तथा केन्द्र और राज्य सरकार की योजना का लाभ दिलाने के लिए सुशासन तिहार मना रही है। पहले चरण में ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणों से समस्याओं का आवेदन जमा लिया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत में पेटी रखा गया है जिसमें ग्रामीण निर्धारित प्रारूप में आवेदन दे सकते हैं। यह प्रक्रिया आगामी 11 अप्रैल तक चलेगी। शिविर में कुछ ग्रामीणों की समस्या का समाधान मौके पर ही हो रहा है। सड़क अतरिया पंचायत में पटवारी रविचन्द्र नेताम, रोजगार सहायक महेश्वरी यादव को शिविर की जिम्मेदारी सौंपा गया है। शिविर के शुभारंभ मौके पर सरपंच सोनम वैष्णव, उपसरपंच धनेश जंघेल, पंच लीलाबाई जंघेल, संतोषी जंघेल, मिथला जंघेल, उमेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, मेलन बाई मेरावी, लीलाबाई, कल्पेश कुमार, कुमारीबाई यादव, संगीता निर्मलकर, अश्वनी वैष्णव, उत्तर कुमार जंघेल, हिमाचल मानिकपुरी, गोपाल, किरण सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## विश्व नवकार दिवस आज महावीर जन्म कल्याणक कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बुधवार को विश्व नवकार दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर जैन समाज द्वारा विश्व कल्याण की भावना के साथ सुबह 8.01 से 9.36 बजे तक नवकार मंत्र का जाप किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन श्री वर्धमान ओसवाल भवन परिसर में रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि जैन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण नवकार मंत्र को णमोकार मंत्र, नमस्कार मंत्र या पंच परमेष्ठि नमस्कार मंत्र भी कहा जाता है। इस मंत्र को अनादि और अक्षयस्वरूपी माना जाता है। यह एक ऐसा मंत्र हैं जिसका कोई रचयिता नहीं है। इस मंत्र में अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु को नमस्कार किया जाता है। इसे लोकोत्तर मंत्र माना जाता है, जो लौकिक और लोकोत्तर दोनों को सिद्ध करता है। विश्व व्यापी आयोजन के तहत कल बुधवार को शहर में भी नवकार दिवस मनाया जाएगा। श्री वर्धमान स्थानक भवन में सुबह 8.01 से 9.36 बजे तक नवकार मंत्र का जाप होगा। शाम 7.30 बजे से संस्कार मंडल की प्रस्तुति जैन भवन में होगी।

### कल महावीर जन्म कल्याणक

आयोजन की कड़ी में आगामी 10 अप्रैल को श्री सकल जैन समाज और श्री महावीर जन्म कल्याणक समिति द्वारा भक्ति के साथ जन्म कल्याणक मनाया जाएगा। इस मौके पर सुबह छः बजे श्री ओसवाल स्थाक भवन से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। सुबह 8 बजे शोभायात्रा निकलेगी। शाम को 7.30 बजे से जैन भवन में सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। आयोजको ने सभी से शामिल होने का आह्वान किया है।

### मवेशियों की प्यास बुझाने की पहल

**डोंगरगांव।** गर्मी के दौर में मूक पशु पक्षियों और मवेशियों की प्यास बुझाने के लिए श्री नंदेश्वर गौशाला के गौ सेवकों चौक चौराहे में कोटना रखने की पहल की है। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने विभिन्न जगहों पर इसकी शुरूवात की। इस दौरान गौशाला संयोजक सिद्धम चोपड़ा, ललित यादव, रूपेश यादव, भूपेन्द्र रावते, छोटू पटेल आदि मौजूद थे।



# पुलिस ने 35 लाख के 174 गुम मोबाइल स्वामियों को सौंपे

## लोगों ने पुलिस प्रशासन के प्रति जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

तकनीक के इस दौर में मोबाइल फोन केवल एक संचार उपकरण नहीं, बल्कि व्यक्ति की व्यक्तिगत, व्यावसायिक और सामाजिक जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। इसके गुम होने का अर्थ है एक आम नागरिक के दैनिक जीवन में असहायता, चिंता और असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न होना।

ऐसे में कबीरधाम पुलिस द्वारा गुम मोबाइलों की बरामदगी और सुपुर्दगी का यह प्रयास न केवल

- गुम मोबाइलों को खोजने पुलिस टीम ने की भारी मसक्कत

तकनीकी रूप से सफल अभियान है, बल्कि जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और गहराई देता है। कबीरधाम जिले की साइबर सेल ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्य करते हुए 174 गुम मोबाइल फोन को ट्रैक कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाने में सफलता हासिल की है।

इन मोबाइल के कीमत लगभग 35 लाख रुपए है। यह समस्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी साइबर कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में पूर्ण की गई। इस संपूर्ण प्रक्रिया का नेतृत्व साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा द्वारा किया गया, जिनके निर्देशन में एएसआई चंद्रकांत तिवारी साइबर सेल से आरक्षक मनीष सिंग राजपूत, आकाश राजपूत, उपेंद्र ठाकुर, अजय यादव, शिवम मंडावी एवं टीम के अन्य सदस्यों ने निरंतर सतर्कता, सूझबूझ और तकनीकी दक्षता के साथ कार्य किया।

# नशा नाश की जड़, दूर रहें युवा

- कॉलेज में नशामुक्ति पर सार्थक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी




नवीन शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छात्रा लक्ष्मी साहू ने कहा कि व्यसन एक दीर्घकालिन स्थिति है जिसमे नकारात्मक परिणामों के बाद भी लोग इसका सेवन करने से गुरेज नहीं करते है।

फलेश्वरी साहू ने बताया कि नशे की लत से स्वास्थ्य, रिश्ते और जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। छात्रा देव्यानी ने बताया नशा एक ऐसा दीमक है जो लोगों एवं समाज को खोखला कर देता है।

हिन्दी विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश सहारे ने लोगों को नशा मुक्त करने का संकल्प लेने प्रेरित किया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष चांदनी पराते ने युवाओं से नशा से दूर रहने का आव्हान किया।

अंत में प्राचार्य डां ठाकुर ने नशा मुक्ति केंद्र की जानकारी देते हुए बताया कि इस केंद्र में नशे की लत से लिप्त युवाओं का मनोचिकित्सक, कांउसलर और मेडिकल स्टाफ द्वारा उपचार किया जाता है। उन्होंने बताया कि मनोवैज्ञानिक सहायता एवं मजबूत इच्छा शक्ति से नशा से मुक्ति पाया जा सकता है। अंत में प्रतिभागियो को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र देवांगन तथा आभार व्यक्त शुभि जैन ने किया।

### ठेकवा में कर्मा जयंती आज

**सोमनी।** ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती का आयोजन कल 9 अप्रैल को ग्राम ठेकवा में रखा गया है। आयोजन की जानकारी देते हुए ग्राम साहू समाज के अध्यक्ष धर्मेन्द्र हिरवानी ने सामाजिक जनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।



## जिला प्रतिनिधि मिले ग्रामीणों से

**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार के प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने मंगलवार को मानपुर नाका पहुंच कर ग्रामीणों से रूबरू हुए। उन्होने विभिन्न मोहल्ला एवं घरों में जाकर ग्रामीणों से मुलाकात किया। उन्होंने ग्रामीणों से आवास, पेयजल, राशन कार्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि समस्या की जानकारी लिया। उन्होंने समस्या के समाधान का अश्वासन दिया। ताम्रकार ने बताया कि मानपुर नवीन सहकारी समिति शुरू होने से मानपुर, जीराटोला, बगदूर, दौजरी तथा चकनार के किसान लाभान्वित होंगे। इस दौरान सरपंच बोधन मेरावी, भीखु हिरवानी, रमेश जंघेल, गिरधर मेरावी सहित अन्य मौजूद थे।

## श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया रामनवमी

# रानी मंदिर में जन्मोत्सव की धूम





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

चैत्र शुक्ल नवमीं को रियासत कालीन रानी मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर समिति के संरक्षक लाल जेके वैष्णव ने बताया कि सुबह मंदिर परिसर को सजाकर भजन मंडली ने भजन गाते हुए बाजे गाजे, शंखध्वनि, घंटा ध्वनि आतिशबाजी कर जन्मोत्सव मनाया। सर्वप्रथम 12 बजे आरती कर रामायणपाठ किया गया। इस मौके पर पुड़ी, गुराम, हल्वा, खीर पंजरी, पंचामृत, मिठाई, मेवा फल का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेके वैष्णव ने राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे सहस्त्रनाम ततुल्यं श्री रामनाम वरानने मंत्रजप पाठ की महत्ता बताया। इस अवसर पर अनिल पुजारी, सुप्रिया सचिन महोबिया, नेहा मुकेश महोबिया, दिनेश, योगेश महोबिया, लाल सूर्याशीष, प्रशांत श्रीवास्तव, जितेन्द्र देवांगन, शिवेन्द्र किशोर दास, संजय लल्ला, दीपक यादव, जितेन्द्र किशोर वैष्णव, गणेश वैष्णव, पूजा रीनू महोबिया, संध्या महोबिया, भारती, चन्द्रकला, निशा नामदेव, कविता पिंकी राजपूत, लतारानी वैष्णव, सत्या सोनी, आयुषी तिवारी, बिट्टी बन्नो नामदेव सहित अन्य मौजूद थे। इसी कड़ी में छोटे जमात राम मंदिर में रामावतार पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया।

### मातृशक्ति परिषद् ने मनाया राम जन्मोत्सव

समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिला कार्यकारिणी ने श्रीराम नवमी के अवसर पर पूजा अर्चना एवं भजन का आयोजन किया। ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिला सचिव स्वाति शर्मा ने बताया कि रियासतकालीन श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम का जयकारा लगाते हुए पूजा-अर्चना किया गया। श्रीराम दरबार के श्रृंगार पूजन के बाद प्रसाद भोग लगाया गया। संगठन की बहनों ने भजन प्रस्तुत किया। जिला अध्यक्ष बिंदु तिवारी एवं मंदिर के पुजारी पं.मनोज चौबे ने बताया कि राम जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसादी की व्यवस्था किया गया था। आयोजन में शैल शर्मा, अर्चना दुबे, सरिता शर्मा, रेणु चौबे, रेणु त्रिपाठी, अंजू तिवारी, श्रद्धा तिवारी, सीमा मिश्रा, कविता मिश्रा, अंजू पांडेय, निर्मला, कमला, धात्री, आशा, शैल त्रिपाठी सहित अन्य शामिल हुई।

# मीना बाजार में बेजा वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



नवरात्र के दौरान लगे मीना बाजार का जमीन आबंटन की प्रक्रिया और मीना बजार के संचालन पर सवाल उठ रहे है। नवरात्रि के बाद भाजपा के जनप्रतिनिधियो ने अनुविभागीय अधिकारी एवं पुलिस के साथ बैठक कर एक दिन अतिरिक्त मीना बजार के संचालन की अनुमति दिलाई थी। बताया जा रहा है कि पालिका ने मीना बजार के लिए जो जगह आबंटित किया था उसके एवज में जितनी राशि ली गई है उससे कही अधिक राशि कमीशन के तौर पर लिया गया है जिसके चलते मीना बाजार संचालक ने नियम को नजर अंदाज कर 30 के बजाए 50 से 60 रूपए तक लोगों से वसूल किया। वहीं इस दौरान दर्शनार्थियों के साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायतें भी सामने आई है। इस दौरान मारपीट, गाली गलौच और चाकूबाजी जैसी घटना भी हुई। जानकार बताते है कि मीना बजार में लगे स्टॉलो में लाखों का व्यवसाय हुआ है किन्तु टैक्स अदा नहीं किया गया। इस मामले में सीएमओ सीके शर्मा ने को बताया कि मीना बजार का ठेका विधिवत दिया गया था। मीना बाजार संचालक ने क्या गलत किया है यह संबंधित विभाग के अधिकारी देखेंगे।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अयुक्ती सौ फीसदी अंक लेकर कक्षा में प्रथम

**राजनांदगांव।** दीपिका विद्या मंदिर शाला में कक्षा 4थी की छात्रा अयुक्ती साहू ने 100% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3री का छात्र अरुणित साहू ने भी 91% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण किया। उक्त छात्र-छात्राएं कुंवरलाल साहू और लक्ष्मी साहू की पुत्र-पुत्री है। दोनों विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्राचार्य सहित क्लास टीचर तथा माता-पिता के संस्कारों को श्रेय दिया है।

### महासंघ के पदाधिकारियों ने बांटी मिठाई

**राजनांदगांव।** पेंड्री (सुकुलदैहान) राजनांदगांव में सदगुरू कबीर साहेब गुरूकुल विद्यालय के बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चुरामणी साहेब व छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता भागवत साहेब ने मिठाई बांटी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि आज स्कूल में शिक्षा तो मिल रहा है, लेकिन संस्कार नहीं मिल पा रहा है। इस बात की चिंता जाहिर करते बच्चों को समझाएं, विद्यार्थीकाल में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी बहुत जरूरी है, क्योंकि अच्छे संस्कार से अच्छे समाज का निर्माण होता है। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ममता साहू ने दी।

### श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष ने सम्हाला पदभार

**राजनांदगांव।** ब्राह्मणपारा निवासी योगेशदत्त मिश्र को छत्तीसगढ़ शासन ने श्रम कल्याण मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। शुक्रवार को उन्होंने रायपुर स्थित कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते समय विभागीय अधिकारियों और कर्मियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। श्री मिश्रा को छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष पद मिलते ही उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। वे लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं और श्रमिक वर्ग से गहरा जुड़ाव रखते हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और श्रमिकों के कल्याण के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने श्रमिकों की समस्याओं को सुनने और समाधान के लिए समयबद्ध पहल करने का आश्वासन भी दिया। श्री मिश्रा ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात तत्काल ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। दूसरे दिन विष्णुदेव साय से भेंट मुलाकात की, उनसे विभाग को और अधिक गतिशील बनाने के लिए भविष्य में मदद देने का आग्रह किया।

### खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन ने मनाया अवतरण दिवस

**राजनांदगांव।** रामनवमी अवसर पर खंडेलवाल समाज रत्न संत शिरोमणि श्रीश्री 1008 संत सुंदरदास महाराज के 429वां अवतरण दिवस पर खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल के नेतृत्व में केशर नगर स्थित संत जी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कर संतश्री के श्री चरणों में नमन किया। तत्पश्चात भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज में मरीजों को फल एवं पौष्टिक कीट का वितरण कर राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, प्रतीक खंडेलवाल विशेष आमंत्रित सदस्य देवेश खंडेलवाल, नरेंद्र खंडेलवाल, सोशल मीडिया प्रभारी विकास खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रियांशु खंडेलवाल आदि सदस्यों ने स्वयंसेवक के रूप में मानव सेवा-माधव सेवा कर अपने को धन्य किया। कार्यक्रम के प्रभारी शिवम खंडेलवाल एवं गौरव खंडेलवाल रहे। उक्त जानकारी युवा कल्याण संगठन के मीडिया प्रभारी निकुंज खंडेलवाल ने दी।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी मोटर साइकिल रैली

**राजनांदगांव।** श्री हनुमान जयंती आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष भी दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 11 और 12 अप्रैल को आयोजित महोत्सव के लिए समिति के पदाधिकारी, सदस्य, आमजन जोर-शोर से जुट गए हैं।

आयोजन : विधायक दीपेश ने विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# लेंजवारा के ग्रामीणों को मिली लाखों रुपए के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लेंजवारा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने 5 लाख रूपये की लागत से बनने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में साइकिल स्टैंड निर्माण का भूमिपूजन किया एवं 5 लाख रुपये की लागत से कर्मा भवन निर्माण, 5 लाख रुपये की लागत से स्मार्ट क्लास भवन निर्माण तथा 10 लाख रूपये की लागत से साहू समाज सामाजिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर विकास की नींव रखी। ग्राम पंचायत लेंजवारा में 25 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन किया। वहीं, 30 लाख रूपए की लागत से लेंजवारा में महतारी सदन का निर्माण करवाया जा रहा है। वहीं मंडी बोर्ड से किसान सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की प्रशासनिक स्वीकृत प्रदान की गई है। इस प्रकार कुल ग्राम पंचायत लेंजवारा को 75 लाख रूपये के विभिन्न विकाश कार्यों की सौगात मिल चुकी है। इस दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि वर्तमान सरकार की मंशा गांव, गरीब और किसान के विकास की है। प्रदेश में चल रही महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रु की आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। उन्होंने आगे कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ-साथ राज्य की ओर से भी सहयोग प्रदान किया है।

#### वादों पर नहीं, कार्यों पर विश्वास करती भाजपा सरकार : दीपेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि दो वर्षों से लंबित बोनस का भुगतान कर किसानों को राहत दी गई है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से 3100 रूपये की भाव से धान की खरीदी कर सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है। इसके अतिरिक्त उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को रसोई गैस की सुविधा दी जा रही है, जिससे उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। विधायक साहू ने कहा कि यह सरकार वादों पर नहीं, कार्यों पर विश्वास करती है। आज ग्राम लेंजवारा में जो विकास कार्य प्रारंभ हुए हैं, वे इसी संकल्प का हिस्सा हैं। ग्रामीणों को विश्वास दिलाते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य अधूरा नहीं रहेगा। इस दौरान कार्यक्रम मे अरुण साहू, कार्यकारी अध्यक्ष दशरू साहू, सुयश साहू, मेहतरू साहू, देवेंद्र साहू, सुखराम साहू, कैलास साहू, ईश्वर साहू, दीनदयाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस आज, देवकर में होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर



नगर देवकर में जैन समाज द्वारा आज 9 अप्रैल को जैन भवन गांधी चौक में नवकार महामंत्र विश्व दिवस पर महामंत्र नवकार जाप का आयोजन किया जायेगा। यह नवकार महामंत्र जाप विश्व के 108 देशों में सुबह 08 बजे से 09:36 सुबह डेढ़ घंटे का अखण्ड रुप में एक ही समय पर आरंभ होकर एक ही समय पर समापन होगा। जैन समाज ने बताया कि नवकार महामंत्र जाप पूरे विश्व कल्याण, भाई चारा आपसी प्रेम सहयोग के लिये किया जा रहा है। इस महामंत्र नवकार जाप में जैन समाज के अलावा हर वर्ग, समुदाय के लोग हिस्सा ले सकते हैं। देवकर जैन श्री संघ एवं भगवान विमलनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा अपील की गई है कि आप सब जैन भवन पधार कर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लें। इसके अलावा यह भी जानकारी दी गई कि आयोजित नवकार महामंत्र जाप विश्व दिवस के रूप में जीतो ग्रुप द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दुनिया भर के बड़े बड़े सेलेब्रिटी, समाज सेवी, संस्थाएं, बड़े से लेकर छोटे सभी वर्गों के लोग बढ़ चढ़ हिस्सा ले रहे हैं। वहीं, नगर देवकर में जैन समाज के नवयुवक मंडल द्वारा एक शाम प्रभु महावीर के नाम भव्य भक्ति संध्या का आयोजन किया गया है, जो रात्रि 08 बजे से मंगल भवन में मधुर गायक राहुल झाबक रायपुर अपनी प्रस्तुति देंगे ।

गौरतलब हो कि नवकार महामंत्र जैन समाज का सबसे बड़ा महामंत्र है, जिसमें विश्व के सभी धर्मों के अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, एवं समस्त साधुओं को प्रणाम कर स्तुति की गई है।

# सुशासन दिवस सरकार की नाकामी पर पर्दा डालने की एक कोशिश है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष छाबड़ा ने लगाए आरोप

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश में मनाया जा रहे सुशासन दिवस को छत्तीसगढ़ सरकार की नाकामी छुपाने का एक बहाना बताया है।

उन्होंने कहा यह किस तरह का सुशासन है जहां प्रदेश में पंचायती राज के चुनाव संपन्न होने के बाद भी नव नियुक्त ग्राम सरपंचों को उनका प्रभार नहीं दिया जा रहा है। राज्य के सारे ग्राम पंचायत के सचिव हड़ताल पर बैठे हुए हैं। चुनाव से पहले मोदी की गारंटी नाम से इन्हें कहा गया था कि सरकार बनते ही पंचायत सचिवों को राज्य सरकार के कर्मचारियों का दर्जा प्रदान किया जाएगा, उनके वेतनमान की बढ़ोतरी की जाएगी। किंतु, राज्य में भाजपा की सरकार बैठे आज डेढ़ साल बीत जाने को हो रहा है, उसके बाद भी पंचायत सचिव अपनी मांगों को लेकर सड़क पर धरने में बैठे हुए हैं। भाजपा का यह कैसा सुशासन है, जहां लोग न्याय पाने के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी तरह प्रदेश के किसान, युवा, महिलाएं सभी परेशान हैं।

सुशासन तिहार को लेकर जिले के प्रभारी सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

# आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान करें : डॉ प्रसन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सुशासन तिहार की तैयारियों और आगे की कार्य योजना को लेकर मंगलवार जिले के बेरला विकासखंड मुख्यालय स्थित रेस्ट हाउस में जिला प्रभारी सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की छोटी-छोटी समस्याओं, मांगे और शिकायतें होती है, जिनका निराकरण भी आप लोग करते है । सुशासन तिहार 2025" में आम जनता की समस्याओं, मांगे और शिकायतें प्राप्त होंगी जिनका निराकरण और उनका त्वरित निराकरण करना है। इसलिए आमजन की प्राप्त समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

डॉ. प्रसन्ना ने बताया कि मंगलवार 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्राप्त होने वाले आवेदनों की प्रक्रिया और आगे लगाए जाने वाले समाधान शिविरों की कार्य योजना की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन स्तर के मामलों को शासन को अग्रेषित किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आयोजित शिविरों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री, अन्य मंत्रीगण, मुख्य सचिव एवं सचिवगण भी औचक निरीक्षण कर सकते हैं। अतः सभी अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से कार्य करें। बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि जिले में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ग्राम पंचायत, जिला मुख्यालय, तहसील कार्यालय, नगरीय निकाय कार्यालय, हाट-बाजार और कॉमन सर्विस सेंटरों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। प्रत्येक स्थान पर समाधान पेटियां लगाई गई हैं ताकि नागरिक निर्भय होकर अपनी समस्याएं उसमें डाल सकें।

#### 5 से 31 मई तक लगाए जाएंगे क्लस्टर आधारित समाधान शिविर

कलेक्टर श्री शर्मा ने आगे बताया कि आगामी 5 मई से 31 मई तक क्लस्टर आधारित समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक क्लस्टर में 10 ग्राम पंचायतों में एक-एक शिविर तथा सभी नगरीय निकायों में भी समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिले में कुल 53 समाधान शिविर प्रस्तावित हैं। विकासखंड स्तर पर एसडीएम को नोडल अधिकारी और जिला मुख्यालय पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम बेरला सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे ।

# कॉन्फ्लुएंस में अतिथि व्याख्यान

**राजनांदगांव।** कान्फ्लुएंस कॉलेज के कम्प्यूटर विभाग, प्रबंधन एवं कॉमर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान द्वारा इंपैक्ट ऑफ ए आई टूल्स इन डेली लाइफ विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसे स्वामी आत्मानंद शासकीय महाविद्यालय सोमनी राजनंदगांव के अतिथि सहायक प्राध्यापक मुस्तफा अंसारी द्वारा व्याख्यांतित किया गया।



व्याख्यान में श्री अंसारी ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स क्या होता है तथा इनका उपयोग किन-किन क्षेत्रों में किया जा सकता है। उन्होंने ए आई टूल्स के विभिन्न प्रकारों को विस्तारपूर्वक समझाया तथा उनका दैनिक जीवन या शिक्षा के क्षेत्र या अपने किसी व्यक्तिगत कार्य के लिए कैसे उपयोग किया जा सकता है, समझाया गया। उन्होंने बताया कि कैसे डाटा को सर्च कर सकते हैं, विस्तारपूर्वक लिख सकते हैं, इमेज को कैसे और अच्छा बना सकते हैं, कुछ प्रचलित टूल्स जैसे चैट जीपीटी, कैनवा, जैमिनी के उपयोगिता को बताया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स सामान्य जीवन के अधिक से अधिक क्षेत्रों को प्रभावित करता है। यह विषय विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक एवं उपयोगी रहा।

# शोभायात्रा में शामिल हुए सांसद पांडे



**राजनांदगांव।** रामनवमी अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। सांसद पांडे ने भगवान श्री रामचंद्र की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। रामनवमी अवसर पर राजनांदगांव जिला मुख्यालय में शोभायात्रा निकाली गई। प्रभु श्रीराम की अद्भुत झांकी और शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। यह शोभायात्रा महावीर चौक से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण करने के बाद महावीर चौक में समाप्त हुई, जहां प्रसादी का वितरण किया गया। शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन होता रहा। शोभायात्रा में जनप्रतिनिधि से लेकर समाजसेवी तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ युवा, बुजुर्ग तथा महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल थी।

#### कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए सांसद



राजनांदगांव। तहसील साहू संघ कुमरदा परिक्षेत्र एवं ग्राम साल्हे का कर्मा जयंती समारोह साल्हे मन्होरा में 7 अप्रैल को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। सांसद पांडे व अतिथियों ने भक्तमाता कर्मा की पूजा-अर्चना की और आरती उतारी। सांसद पांडे ने कहा कि दया और करूणा की प्रतीक भक्त माता कर्मा जयंती में शामिल होने का मुझे सौभाग्य हुआ। भक्त माता कर्मा सबके जीवन में सुख-समृद्धि और लोकमंगल की कामना किया। इस अवसर पर भोलाराम साहू, भागवत साहू, डॉ. नीरेन्द्र साहू, छन्नी चंदू साहू, नीलमणि साहू, किरण वैष्णव, किरण साहू, हेमंत साहू, भुनेश्वर साहू, विभा साहू, देवकुमारी साहू, गोपाल भुआर्य, संजय सिन्हा, मदन साहू, भेष साहू, हिरेन्द्र साहू, हिरदेराम देवांगन, दयालदास साहू आदि को आमंत्रित किया गया था।

# कांग्रेस नेता ने की अध्यक्ष से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

सालभर इंतजार के बाद संगठन में वाजिब पद और सम्मान नहीं मिलने से नाराज एक कांग्रेसी नेता ने जिलाध्यक्ष और बीच-बचाव करने आए शहर अध्यक्ष के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया। मिली जानकारी के अनुसार सड़क अतरिया में 7 अप्रैल की रात वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल जंघेल के यहां वैवाहिक समारोह चल रहा था। कार्यक्रम में क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं के अलावा विधायक यशोदा वर्मा भी अपने पति नीलाम्बर वर्मा सहित मौजूद थी। अचानक रात लगभग 9.30 बजे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे को अंकित चोपड़ा ने तमाचा जड़ दिया।

इस दौरान खैरागढ़ शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ बीच-बचाव करने पहुंचे तो अंकित ने उसके साथ भी हाथापाई की। हालांकि इस मामले को लेकर थाना में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। मामले को लेकर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन बिजी बताता रहा। जबकि शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ का मोबाइल बंद था।

गुरु गोसाई डा भानु प्रताप नाम साहेब ने की अपील

# समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को अपनाएं

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

■ ग्राम पांहदा में श्री सद्गुरु कबीर संत समागम समारोह का हुआ समापन



ग्राम पांहदा में आयोजित दो दिवसीय श्री सद्गुरु कबीर संत समागम समारोह का पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के साथ समापन हुआ। समारोह के समापन दिवस पर कबीर पंथ के गुरु गोसाई डा भानु प्रताप नाम साहेब ने अपने दिव्य प्रवचनों में संत कबीर साहेब के जीवन दर्शन, सत्य, अहिंसा और समानता के अमूल्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान कबीर पंथ के अनुयायियों द्वारा भजन, कीर्तन एवं सत्संग का भव्य आयोजन हुआ। समस्त परिसर साहेब बंदगी साहेब! के उद्घोष से गूंज उठा और पूरा माहौल भक्तिरस में डूब गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सरपंच कुसुम कैलाश साहू, उपसरपंच संजय साहू, पूर्व सरपंच बंशी निषाद, कुमारदास साहेब, रवेंद्रदास साहेब, लेखराम साहेब, हेमंत साहेब, मोतीलाल साहेब, नारायणदास साहेब, परमेश्वरदास साहेब, संतोष दास साहेब, धर्मेंद्र साहू, अतुल तिवारी, होरीलाल तिवारी, गणेश साहू, सेशमणि साहू, छन्नूराम साहेब, नीलमणि साहू, शत्रोहन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, कबीरपंथी संतगण एवं समिति सदस्यगण सहित अन्य अनुयाई शामिल हुए।

**कबीर साहेब ने पाखंडों का किया विरोध : दीपेश :** कार्यक्रम के समापन अवसर पर विधायक दीपेश साहू सहित सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने भी सम्मिलित होकर अपने विचार रखे। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि संत शिरोमणि सद्गुरु कबीर साहेब जी ने अपने दोहों, उपदेशों और सरल जीवन दर्शन से समाज को जागरूक किया। उनका यह संदेश-जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान' आज के युग में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। कबीर साहेब जी ने धर्म के नाम पर हो रहे पाखंडों का विरोध कर समाज को सच्चे मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता, एकता और मानवता की मजबूत नींव हैं। भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा, कि संत कबीर साहेब का दर्शन आज भी समाज को सत्य, प्रेम और समानता की ओर अग्रसर करता है। हमें उनके विचारों को जीवन में अपनाकर एक आदर्श समाज का निर्माण करना चाहिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411